पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल से मिले जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल, कानपुर की छात्र–छात्राएं

——————

असुविधा में ही सफलता है– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊ 29 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल, कानपुर के 35 बच्चों ने भेंट की। इस शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से बच्चों की राज्यपाल जी से मिलने की बहुप्रतीक्षित अभिलाषा पूरी हुई।

उल्लेखनीय है कि इस भेंट के लिए विद्यालय के बच्चों ने राज्यपाल जी से विनम्र अनुरोध किया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर, उनसे भेंट करने के लिए विद्यालय के बच्चों को राजभवन आमंत्रित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने राज्यपाल जी से उनके व्यक्तिगत जीवन, कार्यक्षेत्र, शिक्षा तथा सफलता से जुड़े अनेक प्रश्न पूछें। बच्चों द्वारा किए गये प्रश्नों का राज्यपाल जी ने बड़ी ही सहजता और सरलता से उत्तर देते हुए बच्चों के भावी जीवन के लिए कई मूल मंत्र देते हुए कहा कि असुविधा में ही सफलता है, क्योंकि सफलता रूपी सरिता संघर्ष रूपी हिमालय से ही निकलती है।

इसके अतिरिक्त राज्यपाल जी ने देश के भावी कर्णधारों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आरंभ से ही जागरूक व सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया और ऐसे महत्वपूर्ण विषयों को नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का सुझाव दिया। निश्चित रूप से आज का दिन विद्यालय के बच्चों के मानस पटल पर जीवन की सर्वश्रेष्ठ व स्वांगीण स्मृति के रूप में अंकित हो गया। इस अवसर पर जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल, कानपुर कक्षा–9 की छात्रा अनुष्का दीक्षित ने ह्रदयस्पर्शी कविता सुनाई, जिससे राज्यपाल जी अत्यधिक प्रसन्न एवं प्रभावित हुईं।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य शशि लूथर, शिक्षक राजन लूथर, निधि शर्मा, अंकिता सिंह तथा दुर्गेश शुक्ला उपस्थित थे।

———————

चन्द्र विजय वर्मा—सूचना अधिकारी/राजभवन (78/78)
सम्पर्क सूत्र 9044381834